**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

* THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
WEDNESDAY, MARCH 29, 2023

# HC rejects plea for rehab of floodplain dwellers

**New Delhi:** Encroachment on government land can't be claimed as a fundamental right, Delhi high court reiterated on Monday while dismissing a plea by slum dwellers of 'Bela Estate' on Yamuna floodplain who were seeking their rehabilitation following an eviction notice. Encroachers also cannot claim a right to rehabilitation, the court added.

The high court pointed out that the petitioner, Bela Estate Mazdoor Basti Samiti, couldn't show that their jhuggi-jhopdi (JJ) clusters were notified by Delhi Urban Shelter Improvement Board (DUSIB), which could make them eligible to be considered for rehabilitation.

Justice Gaurang Kanth also noted that despite the petitioners' claim that the slum cluster has been in existence for 70 years, there is no proof that the jhuggis were constructed before January 1, 2015, protecting them under DUSIB's Delhi Slum and JJ Rehabilitation and Relocation Policy, 2015.

"This court is of the considered view that the petitioners are not entitled for rehabilitation as per DUSIB Policy, 2015," Justice Kanth noted after hearing detailed submissions from the petitioners and Delhi Development Authority.

Earlier, DDA cited a 2015 order of the National Green Tribunal to issue an eviction notice to the residents to remove illegal encroachments and to vacate the authority's land. The petitioner sought a stay on the eviction of the residents and that if they are evicted, then they may be provided an alternative accommodation for rehabilitation by DUSIB.

Appearing for DDA, additional solicitor general Sanjay Jain stated that no entity called 'Bela Estate' exists and it is a term coined by the petitioners to describe a cluster of several villages in order to show that all these slum clusters contain more than 50 households, which is a requirement for DUSIB Policy, 2015.

The high court also took note of an affidavit by DDA that after a survey, it had allotted a total of 6,086 plots for alternative accommodation to the residents who were found eligible.

The petitioner claimed that Bela Estate is a large JJ cluster on the western bank of river Yamuna and comprises five sub-areas, namely China Colony, Bela Gaon, Malla Gaon, Moolchand Basti and Kanchan Puri. TNN

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । बुधवार, 29 मार्च 2023

# फ्लडप्लेन से हटाई जा रही झुग्गी बस्ती को HC से राहत नहीं

■ विस, नई दिल्ली : यमुना के फ्लडप्लेन पर बसी कुछ झुग्गी बस्तियों को वहां से हटाने से पहले उनके पुनर्विकास का डीडीए को निर्देश देने की मांग दिल्ली हाई कोर्ट ने ठुकरा दी। कोर्ट ने कहा कि याची डूसिब की नीति के तहत पुनर्विकास की अधिकारी नहीं हैं।

जस्टिस गौरंग कंठ ने बेला एस्टेट मजदूर बस्ती समिति की याचिका खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया। समिति ने याचिका दायर कर डीडीए के जमीन खाली करने के लिए दिए गए नोटिस को चुनौती दी थी और बेला एस्टेट में रहने वालों को वहां से हटाने पर रोक लगाने की मांग की। समिति का कहना था कि डूसिब नीति के तहत उन्हें बस्ती से हटाने से पहले रहने के लिए वैकल्पिक स्थान दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि याचिकाकर्ता का केस यह नहीं है कि बेला एस्टेट में मौजूद झुग्गी-झोपड़ी बस्ती डूसिब द्वारा अधिसूचित है।

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । बुधवार, 29 मार्च 2023

# आज आएगा DDA का बजट

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

- साबरमती की तर्ज पर यमुना रिवर फ्रंट बनाने और अशोक विहार में वैष्णवी पार्क की योजनाओं को किया जा सकता है शामिल
- असिता ईस्ट और बांसेरा प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने पर भी रहेगा जोर

2023-24 के लिए डीडीए का बजट बुधवार को आएगा। एलजी वीके सक्सेना की अध्यक्षता में 29 मार्च को प्रस्तावित डीडीए की बोर्ड मीटिंग में इस बजट को मंजूरी मिल सकती है। बताया जा रहा है कि यह बजट लगभग आठ हजार करोड़ रुपये का होगा। इसमें जी-20 की झलक देखने को मिल सकती है। बजट में यमुना के फ्लड प्लेन के सौंदर्यीकरण पर जोर रहने की संभावना जताई गई है।

सूत्रों के अनुसार बजट में मिलेनियम डिपो की जमीन पर साबरमती की तर्ज पर एक रिवर फ्रंट बनाने और नॉर्थ दिल्ली के अशोक विहार में वैष्णवी पार्क तैयार करने जैसी योजनाओं को शामिल किया जा सकता है। बजट में जी-20 जैसे अहम आयोजन के मद्देनजर यमुना के पूरे प्रोजेक्ट में डीडीए की भागीदारी सुनिश्चित होगी। डीडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट से धौला कुआं तक सड़क के रीडिवेलपमेंट पर भी लगातार फोकस किया जा रहा है। असिता ईस्ट और बांसेरा प्रोजेक्ट पर भी लगातार काम चल रहा है। मिलेनियम डिपो पर अनूठा खुला म्यूजियम तैयार करने का काम भी इस साल शुरू हो सकता है। इसके अतिरिक्त कुछ प्रोजेक्ट्स जिनके लिए वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में भी राशि का आवंटन किया गया था, उनमें से भी कुछ को इस साल के मध्य तक और कुछ को साल के आखिर तक पूरा कर देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPER THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI WEDNESDAY, MARCH 29, 2023 ---------------DATED---------------------

# Govt can't demolish shelter homes without our nod, says apex court

Times News Network

**New Delhi:** The Supreme Court on Monday stopped demolition of shelter homes at Geeta Ghat and restrained the authorities from knocking down any other shelter home without its permission.


A bench of Justices S Ravindra Bhat and Dipankar Datta passed the order while hearing a plea alleging that the authorities had, in an unethical and illegal act, swiftly demolished one night shelter on February 15 and it was done before a plea could be filed in the apex court for protection.

The court's order would prohibit the Delhi Police, the Delhi Development Authority (DDA) and Delhi government authorities concerned from resorting to such action as they have to seek the court's permission before demolition.

"Having regard to these circumstances, the DUSIB (Delhi Urban Shelter Improvement Board), Delhi Police and DDA, and all other authorities operating in NCTD are hereby directed to not demolish the three shelters operating presently at Geeta Ghat and any other temporary shelter without approaching this court," the bench said.

The court also directed Supreme Court Shelter Management Committee to conduct social audit of nine permanent shelters mentioned by DUSIB in their affidavit followed by an audit of all the shelters in Delhi.

Photo for representation



The court directed the Supreme Court Shelter Management Committee to conduct social audit of nine permanent shelters mentioned by DUSIB in its affidavit

Drawing the court's attention to demolition of one night shelter in February, advocate Prashant Bhushan submitted that the pulling down of the shelter bearing code no. 235 at Sarai Kale Khan, which was ordered by the government officials concerned, is unethical and unlawful because it pertains not to any illegal encroachment, but to a lawful structure.

"The demolition of the shelter on the morning of February 15 was carried out in an arbitrary and ad-hoc manner without following any due procedure for issuing notice of shifting/demolition adequately in advance and without making any suitable alternative arrangements for the homeless residents of the shelter in accordance with the guidelines for the Shelters for Urban Homeless (SUH) under the National Urban Livelihood Mission (NULM)," Bhushan contended.

The court passed the order on an application by petitioners and social activists Harsh Mander and Indu Prakash Singh, and two homeless residents of Delhi.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

THE INDIAN EXPRESS, WEDNESDAY, MARCH 29, 2023 ------------DATED--------------------



One of the sites of demolition on Tuesday was Bela Estate. *Express*

# Demolition along Yamuna floodplains: 'They are removing poor people'

EXPRESS NEWS SERVICE
NEW DELHI, MARCH 28

THE DELHI Development Authority (DDA) carried out a demolition drive along the Yamuna floodplain Tuesday to make way for a riverfront project.

One of the sites of demolition on Tuesday was Bela Estate, near the Geeta Colony Bridge and Rajghat. On Monday, the Delhi High Court had dismissed a plea by residents of the area who had sought a stay on eviction and rehabilitation. On Tuesday afternoon, police pasted notices across Bela Estate. The notice said that affected families can seek temporary accommodation at three night shelters – at Geeta Colony and Dwarka – and asked residents to vacate on March 28 or they would be responsible for any losses that may be caused.

Four bulldozers, two tractors attached with rakers and police arrived for demolitions. Residents were given 15 minutes to clear their homes, before the machines set to work. "We only got an hour. If they had given us at least two or three days, we could have cleared all our things. *Gareebon ko hata rahe hain* (They are removing the poor)," said Lali (25).



At the demolition site near DND flyway, Tuesday. *Renuka Puri*

Hiralal, 40, a worker, was at a construction site Tuesday when he heard that the bulldozers had arrived. "We have ration cards, IDs, and the government sends us water tankers. If it is not on the list of JJ clusters, it should have been the DUSIB's responsibility to identify it. We should have at least got enough time to appeal. The (HC) order had just come. Residents of the area had procured a stay on demolitions in 2018. Maybe there's hope in the Supreme Court now," he said.

Mohan Lal, 73, said he had lived in the area all his life. "We're packing up now. Last year, they made three ponds and said they want the rest of the land to make a park. In 2010, they destroyed homes here and moved some people. The rest of us are still here," he claimed, pointing to his electricity bill from 1982 that mentions Bela Estate as the address.

The Bela Estate area is being reclaimed for Asita West, a 200-hectare project and one of the 10 parts of the riverfront project.

A senior DDA official said, "On Tuesday, there were demolitions at three locations. In the past month, there have been demolitions at around 20 locations. We are not concerned with rehabilitation. Rehabilitation is as per DUSIB's policy for those places that have been identified..."

## Shops near DND flyway razed

Several furniture shops and a soft drink shop situated near the DND flyway were demolished by the DDA in an anti-encroachment drive Tuesday.

The demolition drive began around 9 am, shop owners said. They said they were served a notice by DDA on Monday. A DDA official said: "It's part of the regular anti-encroachment drive... stalls here were encroaching the area."

Zeeshan, a furniture shop owner, said, "The furniture shops here date back several years and we have all the documents related to it... it cannot be called an encroachment."

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS नई दिल्ली, 29 मार्च, 2023 दैनिक जागरण -DATED-----------------------

# यमुना में अमोनिया का स्तर बढ़ा, जल आपूर्ति प्रभावित

- वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला जल शोधन संयंत्र से 50 प्रतिशत तक ही हो रही जलापूर्ति
- उत्तरी, उत्तर-पश्चिमी, मध्य व दक्षिणी दिल्ली के कई इलाकों में पेयजल संकट

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : वजीराबाद बैराज के पास यमुना नदी के पानी में अमोनिया की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार को नदी के पानी में अमोनिया का स्तर ज्यादा बढ़ जाने से दिल्ली जल बोर्ड के वजीराबाद चंद्रावल और ओखला संयंत्रों से जलापूर्ति 50 प्रतिशत तक कम हुई है। इस वजह से उत्तरी, उत्तर-पश्चिमी, मध्य व दक्षिणी दिल्ली के कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित है। जल बोर्ड का कहना है कि प्रभावित इलाकों में कम दबाव पर पानी की आपूर्ति होगी। नदी के पानी में अमोनिया के स्तर में सुधार होने तक पेयजल की आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

दिसंबर के मध्यम से ही यमुना में अमोनिया की समस्या शुरू हुई थी। तब से पिछले लगभग तीन माह में अमोनिया का स्तर घटता-बढ़ता रहा है। जल बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि बीच में कुछ समय के लिए जलापूर्ति सामान्य हुई थी, लेकिन हरियाणा से फैक्ट्रियों का गंदा पानी छोड़ने के कारण मंगलवार की सुबह वजीराबाद बैराज के पास यमुना नदी के पानी में अमोनिया का स्तर 6.8 पीपीएम पहुंच गया था। पानी में इतना अधिक अमोनिया इससे पहले कभी नहीं पहुंचा। बाद में अमोनिया का स्तर थोड़ा कम हुआ, फिर भी यह पांच पीपीएम पर बरकरार है। इस वजह से जल बोर्ड ने वजीराबाद व चंद्रावल जल शोधन संयंत्र के लिए यमुना से पानी लेना बंद कर दिया है। हैदरपुर से मुनक नहर का पानी वजीराबाद ले जाकर दोनों संयंत्रों से शोधित किया जा रहा है। वजीराबाद व चंद्रावल संयंत्र से जल बोर्ड सामान्य तौर पर प्रतिदिन लगभग 135 एमजीडी पानी की आपूर्ति करता है, लेकिन अभी क्षमता से 50 प्रतिशत ही जलापूर्ति हो पा रही है। इसके अलावा ओखला जल शोधन संयंत्र से जलापूर्ति प्रभावित हुई है। जल बोर्ड ने हरियाणा के सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग को स्थिति से अवगत करा दिया है और यमुना में अतिरिक्त पानी छोड़ने की सिफारिश की है, ताकि पानी के बहाव से यमुना में अमोनिया की समस्या दूर की जा सके।

**इन इलाकों में जलापूर्ति रहेगी प्रभावित** : सिविल लाइंस, हिंदूराव अस्पताल, कमला नगर, शक्ति नगर, करोलबाग, पहाड़गंज, एनडीएमसी के इलाके, राजेंद्र नगर, पटेल नगर, बलजीत नगर, प्रेम नगर, इंद्रपुरी, कालकाजी, गोविंदपुरी, तुगलकाबाद, संगम विहार, अंबेडकर नगर, दिल्ली गेट, सुभाष पार्क, माडल टाउन, गुलाबी बाग, पंजाबी बाग, जहांगीरपुरी, मूलचंद, साउथ एक्सटेंशन, ग्रेटर कैलाश और इसके आसपास के इलाके।

**एक सप्ताह के दौरान यमुना के पानी में अमोनिया की स्थिति**

| तिथि | अमोनिया का स्तर (पीपीएम में) |
|---|---|
| 28 मार्च | 6.8 |
| 27 मार्च | 2.2 |
| 26 मार्च | 2.9 |
| 25 मार्च | 3.0 |
| 24 मार्च | 3.5 |
| 23 मार्च | 3.5 |
| 22 मार्च | 3.4 |

## मार्च में हर दिन अमोनिया का स्तर रहा अधिक

इस माह अब तक प्रत्येक दिन यमुना के पानी में अमोनिया का स्तर औसतन तीन पीपीएम रहा है, जो जल शोधन संयंत्रों की शोधन क्षमता से अधिक है। पानी में अमोनिया का स्तर लगभग एक पीपीएम तक होने पर ही संयंत्रों में उसका शोधन हो पाता है। एक मार्च को अमोनिया का स्तर 3.6 पीपीएम था और लगातार 25 मार्च तक अमोनिया का स्तर तीन पीपीएम से अधिक बना रहा। 26 मार्च को अमोनिया का स्तर थोड़ा घटकर 2.9 पीपीएम हुआ, लेकिन जो अब बहुत ज्यादा बढ़ गया है।

## यमुना डूब क्षेत्र में डीडीए का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

राब्यू, नई दिल्ली : यमुना डूब क्षेत्र में डीडीए का अतिक्रमण हटाओ अभियान मंगलवार को भी जारी रहा। इसके तहत पर्यावरण के लिहाज से यमुना नदी के संवेदनशील बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बने अवैध ढांचों को हटाया जा रहा है। डीडीए अधिकारियों के मुताबिक राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) द्वारा निर्धारित मानदंडों के मद्देनजर मंगलवार को बारापुला क्षेत्र के पास अभियान चलाया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एनजीटी के आदेशों के अनुसार यमुना डूब क्षेत्र में स्थित किसी भी निर्माण की अनुमति नहीं है। बता दें कि पिछले वर्ष जून के अंत में डीडीए ने पर्यावरण के प्रति संवेदनशील यमुना बाढ़ क्षेत्र के एक हिस्से पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया था और 20-30 अवैध निर्माण हटाए गए थे। यह अभियान सराय काले खां इलाके के पास आयोजित किया गया था।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

पंजाब केसरी
DELHI
29 मार्च, 2023 ▶ बुधवार

# खुशखबरी: घर के सपने देखने वालों के लिए डीडीए ला रहा नई हाउसिंग स्कीम

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली में अपने घर का सपना देख रहे लोगों के लिए खुशखबरी है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) जल्द ही 23 हजार नए फ्लैट्स की आवासीय योजना लांच करने जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि उम्मीद है कि मई महीने में आने वाली इस योजना लगभग 23,000 नए ईडब्ल्यूएस और एलआईजी फ्लैट शामिल होंगे। ज्यादातर फ्लैट नरेला और उसके आसपास ही होंगे। डीडीए अधिकारी ने कहा कि हम उम्मीद कर रहे हैं कि योजना शुरू करने का एजेंडा अप्रैल की बैठक में रखा जाएगा और जैसे ही इसे मंजूरी मिलेगी, हम मई से आवेदन आमंत्रित करना शुरू कर देंगे। फ्लैटों की कीमत इस प्रक्रिया से पहले निर्धारित की जाएगी और आवंटन कम्प्यूटरीकृत ड्रॉ के माध्यम से किया जाएगा।

इन नए फ्लैटों के योजना को कामयाब बनाने के लिए डीडीए हरसंभव तरीके से मार्केटिंग और प्रमोशन करेगा। अधिकारी के अनुसार बिक्री बढ़ाने के लिए प्राधिकरण खरीदारों को संशोधित हाउसिंग रेगुलेशन 1968 का लाभ भी देगा। अधिकारी ने कहा कि संशोधित नियमों के अनुसार कोई भी व्यक्ति जिसके पास दिल्ली में फ्लैट या प्लॉट है, जिसकी माप 67 वर्ग मीटर से कम है, वह भी नए फ्लैटों के आवंटन के लिए आवेदन करने का पात्र है। इससे पहले अगर किसी आवेदक या उसके परिवार के सदस्यों के पास किसी भी इलाके में कोई फ्लैट या प्लॉट होता था, तो उसे डीडीए फ्लैट के लिए आवेदन करने की इजाजत नहीं दी जाती थी।

लॉन्च के दौरान डीडीए भ्रम से बचने को एक या दो महीने के लिए पुरानी योजनाओं के तहत लगभग 16,000 फ्लैटों की बिक्री पर रोक लगाने की योजना बना रहा है। अधिकारियों ने कहा कि पुरानी योजनाओं के तहत फ्लैट 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर बेचे जा रहे थे और यहां तक कि जिनके पास डीडीए का फ्लैट है, वे भी दूसरे फ्लैट के लिए आवेदन कर सकते हैं।

the pioneer
NEW DELHI I WEDNESDAY I MARCH 29, 2023

# 97% wards have doorstep waste collection: Puri

PNS ■ NEW DELHI

Union Housing and Urban Affairs (MoHUA) Minister Hardeep Singh Puri informed that 97% of wards today have door-to-door collection and approximately 75% of the total waste is being processed and 90% of wards are practicing source segregation. He was addressing the Members of the Consultative Committee attached to the Ministry of Housing & Urban Affairs.

Minister of State for Housing and Urban Affairs, Kaushal Kishore, Manoj Joshi, Secretary, MoHUA, Naresh Kumar, Chief Secretary, Govt. of NCT of Delhi, Commissioner, DDA, Commissioner, MCD and senior officers from the SBM attended the meeting on behalf of MoHUA. Ramesh Bidhuri, Dr.Kalpana Saini, Thiru A.K.P.Chinraj & Parvesh Sahib Singh were the Members of Parliament who attended the meeting.

Informing the members, the minister further stated that at the time of launch of the Swachh Bharat Mission, 95 lakh tonnes per annum (i.e. 26,027 tonnes per day) of waste was treatment capacity across processes such as composting, bio-methanation, RDF and waste to energy plants. This has been enhanced substantially in the last 8 years, and presently, designed input capacity of functional waste to energy and waste to compost plants is approx.1 lakh TPD (incl. C&D waste processing plants).

Puri said that there are 2,285 functional waste to compost plants with capacity to process 71,682 tonnes of waste per day (TPD), and another 73 plants are under construction, with approx. input capacity of 1,084 tonnes per day.

millenniumpost
NEW DELHI | WEDNESDAY, 29 MARCH, 2023

# DDA conducts anti-encroachment drive in Yamuna flood plains

**NEW DELHI:** The DDA on Monday conducted an anti-encroachment drive on a portion of the environmentally-sensitive Yamuna flood plains and "some illegal structures" were removed, officials said. The drive near Barapullah area was carried out by the Delhi Development Authority according to the norms outlined by the National Green Tribunal (NGT), they said. The structures were located on the Yamuna flood plain and as per NGT orders, no construction is permitted there, a senior official said. Late June last year, the DDA had conducted an anti-encroachment drive on a portion of the environmentally-sensitive Yamuna Flood Zone and "20-30 illegal constructions" were removed. MPOST

amarujala.com
नई दिल्ली | बुधवार, 29 मार्च 2023

# निजी स्कूलों की फीस बढ़ाने के प्रस्ताव की तिथि बढ़ी

नई दिल्ली। शिक्षा निदेशालय ने डीडीए या किसी भी सरकारी एजेंसी की ओर से आवंटित भूमि पर चल रहे निजी स्कूलों को फीस बढ़ाने के प्रस्ताव देने की तिथि को बढ़ा दिया है। अब स्कूल तीन अप्रैल तक निदेशालय को अपने आवेदन भेज सकते हैं। शिक्षा निदेशालय को स्कूलों से अनुरोध मिला था कि वे परीक्षा संबंधी गतिविधियों में लिप्त हैं। ऐसे में शिक्षा निदेशालय ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में फीस बढ़ाने के प्रस्ताव देने की तिथि को बढ़ाया है। इससे पहले निदेशालय ने स्कूलों के लिए छह मार्च से प्रस्ताव देने की प्रक्रिया को शुरू किया था। यह तिथि 27 मार्च को समाप्त हो गई है। इसके बाद स्कूलों से मिले अनुरोध को देखते हुए निदेशालय ने प्रस्ताव देने की तिथि को बढ़ाने का फैसला किया। ब्यूरो